आकाशवाणी केन्द्र शिमला
11.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

प्रधानमंत्री – थिम्पू संबोधन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि दिल्ली में हुई भयावह घटना के षड्यंत्रकारियों को बख्शा नहीं जाएगा और सभी ज़िम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। भूटान के थिम्पू में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वह कल पूरी रात इस घटना की जाँच में शामिल एजेंसियों के संपर्क में रहे। उन्होंने आश्वासन दिया कि एजेंसियाँ इस साजिश की तह तक जाएँगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज वह बहुत भारी मन से भूटान आए हैं और कल शाम दिल्ली में हुई घटना ने सभी को बहुत व्यथित किया है। उन्होंने कहा कि वह प्रभावित परिवारों का दर्द समझते हैं और पूरा देश उनके साथ खड़ा है।

जगत नेगी

दिल्ली में लाल किले के पास हुए धमाकों के बाद हिमाचल प्रदेश में हाई अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक ने सभी जिला पुलिस अधीक्षकों को अलर्ट रहने के निर्देश जारी किए हैं, खासकर सीमावर्ती जिलों में भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पुलिस द्वारा बाहर से आने जाने वाहनों और संदिग्ध लोगों पर पैनी नज़र रखी जा रही है। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि इस तरह की घटना के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर है और सीमाओं पर चौकसी बढ़ाई गई है। जगत सिंह नेगी ने धमाके की टाइमिंग पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए कहा कि चुनाव के समय ही ऐसी घटनाएं क्यों होती हैं, यह बड़ा सवाल है। जगत नेगी ने कहा कि आपदा से हुए नुकसान के लिए आर्थिक सहायता को लेकर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री सहित विभिन्न केन्द्रीय मंत्रियों से आग्रह किया मगर अभी तक केन्द्र से सहायता नहीं मिली है।

लवी मेला

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि उत्सव पारंपरिक कला, संगीत और शिल्प को बढ़ावा देने का एक मंच प्रदान करते हैं, जिससे परिवारों और समुदायों को एक सूत्र में पिरोने वाले रीति–रिवाजों व मूल्यों को जीवित रखा जा सकता है। वे आज शिमला जिले के रामपुर बुशहर में चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय लवी मेले का शुभारम्भ करने के अवसर पर बोल रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि लवी मेले का सांस्कृतिक और व्यापारिक महत्व है और यह राज्य की गौरवशाली परंपराओं का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक आयोजन न केवल व्यापार का उत्सव है, बल्कि एक समृद्ध परंपरा भी है। राज्यपाल ने पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में ही इस मेले को अंतरराष्ट्रीय दर्जा प्राप्त हुआ। शिव प्रताप शुक्ल ने प्रदेश में नशीले पदार्थों के बढ़ते खतरे पर चिंता व्यक्त करते हुए नशे को जड़ से मिटाने के लिए एकजुट प्रयासों की ज़रूरत पर बल दिया। राज्यपाल ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर भी ज़ोर देते हुए कहा कि पर्यावरण की रक्षा करने से ही हिमाचल सुरक्षित और समृद्ध होगा।

जागरूकता शिविर

पैंशन व पैंशनभोगी कल्याण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत और पैंशन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा केंद्र सरकार के पैंशन भोगियों के लिए ऊना में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में पैंशनरों को जागरूक किया गया। इसके अलावा नजदीकी बैंक शाखाओं में भी सुबह 10 बजे से ही डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाने और

अपलोड करने संबंधी जानकारियों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान केन्द्रीय पैंशनभोगी कल्याण विभाग के अवर सचिव सुभाष चंद्र ने कहा कि एक से 30 नवंबर, तक राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान आयोजित किया जा रहा है। अभियान के तहत देशभर के 2 हजार से अधिक शहरों और कस्बों को कवर किया जा रहा है ताकि पेंशनभोगियों को कई डिजिटल तरीकों के माध्यम से अपने जीवन प्रमाणपत्र जमा करने की सुविधा मिल सके।

बिक्रम ठाकुर

पूर्व मंत्री बिक्रम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में विकास कार्य पूरी तरह ठप्प हो गए हैं और चुनाव के समय दी गई गारंटियां भी झूठी साबित हुई हैं। एक बयान में उन्होंने कहा है कि जो कर्मचारी जनता की सेवा में लगे हैं, उन्हें अपने वेतन के लिए सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। बिक्रम ठाकुर ने कहा कि एच.आर.टी.सी. के हज़ारों कर्मचारी पिछले महीने से वेतन का इंतज़ार कर रहे हैं और ये स्थिति कांग्रेस सरकार की संवेदनहीनता का प्रमाण है। उन्होंने सरकार पर एच.आर.टी.सी. को राजनीतिक प्रयोगशाला बनाने और सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क को बर्बाद करने का आरोप लगाया। बिक्रम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में केंद्र द्वारा भेजे गए विकास व राहत फंड का भी सही उपयोग नहीं किया जा रहा है।

---